भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4294

20 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

औषधीय पादपों के किसानों के लिए सहायता

4294. श्री नागेश बापुराव अष्टिकर पाटिल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास आयुष पद्धतियों में प्रयुक्त होने वाले औषधीय पौधों की खेती में संलग्न महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए कोई आयुष योजनाएं हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जी नहीं। तथापि, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र सहित पूरे देश में "औषधीय पादप संरक्षण, विकास और सतत प्रबंधन" पर केंद्रीय क्षेत्रीय योजना को क्रियान्वित कर रही है, जिसमें निम्नलिखित गतिविधियों को सहयोग प्रदान किया जाता है:

(i) सूचना शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियाँ जैसे प्रशिक्षण/कार्यशालाएँ/सेमिनार/सम्मेलन आदि।
(ii) नर्सरियों की स्थापना।
(iii) *स्व-स्थाने* संरक्षण/*बाह्य-स्थाने* संरक्षण।
(iv) संयुक्त वन प्रबंधन समितियों (जेएफएमसी)/पंचायतों/वन पंचायतों/जैव विविधता प्रबंधन समितियों (बीएमसी) / स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के साथ आजीविका संबंध।
(v) अनुसंधान एवं विकास।
(vi) औषधीय पादपों के उत्पादन का संवर्धन, विपणन एवं व्यापार।
(vii) औषधीय पादपों की आपूर्ति श्रृंखला में अगली और पिछली कड़ी (एकीकृत घटक) जिसके अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियों के लिए सहयोग प्रदान किया जाता है:
- खेती के लिए औषधीय पादपों की रोपण सामग्री जुटाने हेतु गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री हेतु बुनियादी ढांचा।
- किसानों को जागरूक करने के लिए सूचना शिक्षा संचार (आईईसी) संबंधी गतिविधियाँ।
- औषधीय पादपों की विपणन क्षमता बढ़ाने, उपज का मूल्य संवर्धन करने, लाभप्रदता बढ़ाने और घाटे को कम करने के लिए फसलोपरांत प्रबंधन और विपणन हेतु बुनियादी ढांचा।
- कच्चे माल का गुणवत्ता परीक्षण और प्रमाणन।

इसके साथ-साथ, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2020-21 तक महाराष्ट्र सहित पूरे देश में औषधीय पादपों की खेती के लिए राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना क्रियान्वित की थी। अब तक, आयुष मंत्रालय ने 581.994 लाख रूपये की राशि जारी की है और महाराष्ट्र में औषधीय पादपों की खेती के तहत 1291 हेक्टेयर क्षेत्र, 6 नर्सरियों, 10 फसलोपरांत प्रबंधन इकाइयों (भंडारण/गोदाम और सुखाने का शेड), 2 प्रसंस्करण इकाइयों और 1 संग्रहण केंद्र को सहयोग प्रदान किया है। विवरण **संलग्नक** में दिया गया है।

*****

संलग्नक

वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2020-21 तक राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) योजना के औषधीय पादप घटक के अंतर्गत महाराष्ट्र में अनुमोदित गतिविधियों का विवरण।

क्र. सं.	गतिविधियां	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	कुल
1	औषधीय पादपों की खेती (क्षेत्रफल हेक्टेयर में)	327	0	444	0	520	0	**1291**
2	नर्सरी की स्थापना	0	0	2	0	4	0	**6**
3	फसलोपरांत प्रबंधन	0	0	2	0	8	0	**10**
4	प्रसंस्करण इकाई	0	0	1	0	1	0	**2**
5	ग्रामीण/जिला संग्रहण केंद्र/ खुदरा दुकान	0	0	1	0	0	0	**1**
6	जारी की गई निधि (लाख रुपए में)	123.526	0.00	213.005	0.00	245.463	0.00	**581.994**